राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला आयोजित

राज्यपाल ने जालना में आयोजित कार्यशाला में भाग लिया

भारत ज्ञान परंपरा में आरम्भ से ही समृद्ध रहा है - राज्यपाल

जयपुर, 3 मई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को महाराष्ट्र के जालना जिले में जन जागृति संस्थान एवं विद्या भारती द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति की क्रियान्वयन से संबंधित कार्यशाला में भाग लिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति को प्रभावी रूप में लागू करने के लिए शिक्षक और शिक्षण संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही विज्ञान, कला, साहित्य और सांस्कृतिक क्षेत्र में भारत अत्यधिक संपन्न रहा है।

उन्होंने भारतीय ज्ञान को नष्ट करने के लिए नालंदा विश्वविद्यालय में बख्तियार खिलजी द्वारा लगाई गई आग का उल्लेख करते हुए कहा कि विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारतीय ज्ञान को नष्ट करने के निरंतर प्रयास होते रहे हैं। पर विचारों को नष्ट नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति विकसित भारत के साथ भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने के लिए महत्वपूर्ण है।

-----




जनजागृती मंडळ, जालना, विद्याभारती, जालना
आयोजित
राष्ट्रीय शैक्षणिक धोरण अंमलबजावणी कार्यशाळा
भारतीय राष्ट्रीय दिनांक १३ वैशाख शनिवार आणि १४ वैशाख रविवार, शके १९४७ दिनांक ३ व ४ मे २०२५
उद्घाटक
राजस्थान
प्रमुख पाहुणे
मा.डॉ.श्री.श्रीकृष्ण पांचाळ
जिल्हाधिकारी, जालना.
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
तज्ञ मार्गदर्शक
मा.डॉ.श्री.मिलिंद नाईक
पुणे
मा.श्री.जगदीश इंदलकर
मुंबई
मा.डॉ.श्री.गोविंद कुलकर्णी
पुणे
मा.श्री.आदित्य शिंदे
पुणे
जनजागृती मंडळ, जालना, विद्याभारती, जालना
राष्ट्रीय शैक्षणिक धोरण अंमलबजावणी कार्यशाळा


